# बहन तनु को फिल्मों में देखकर खुशी होगी, करें वापसी: इशिता दत्ता

तनुश्री दत्ता लंबे वक्त से फिल्मों से गायब हैं। वह बॉलिवुड छोड़ कुछ साल पहले यूएस चली गई थीं। पिछले साल जब वह भारत आईं तो यहां उन्हीं के जरिए मीटू मूवमेंट की शुरुआत हुई।

मीटू मूवमेंट के बाद पूरा देश शॉक्ड हो गया क्योंकि इसमें कई बड़े नामों पर यौन शोषण के आरोप लगे। जब हर तरफ तनुश्री की चर्चा होने लगी तो कई लोगों को लगा कि वह कोई फिल्म या टीवी रिऐलिटी शो कर सकती हैं।

हालांकि, सभी को गलत साबित करते हुए वह यूएस लौट गईं और वहां वह शांतिपूर्ण जीवन बिता रही हैं। उनकी बहन इशिता दत्ता जो कि सनी देओल और ट्विंकल खन्ना के कजन करण कपाड़िया की फिल्म ब्लैंक में नजर आएंगी, ने हाल ही में मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें अपनी बहन को फिल्मों में देखकर खुशी होगी और वह चाहती हैं कि तनु इंडस्ट्री में वापसी करें।



हालांकि, इशिता ने आगे कहा कि यह पूरी तरह से उनकी पर्सनल चॉइस है। वहीं, यह पूछे जाने पर कि क्या तनुश्री से किसी प्रॉजेक्ट पर बात चल रही है, इशिता ने कहा कि फिलहाल तनु से किसी प्रॉजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं और अगर वह कोई प्रॉजेक्ट करती हैं तो वह कुछ ऐसा ही होगा जिसमें वह खुद विश्वास करेंगी।

इशिता ने बताया कि तनु कोई फिल्म सिर्फ इसलिए नहीं करेंगी क्योंकि उन्हें इसे करना ही है। तनु उसी फिल्म को करेंगी जो उनसे रिलेट करेगी और उससे सोसायटी का कुछ भला होगा।

# रणवीर सिंह के लिए दीपिका पादुकोण ने रखा नया निकनेम

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह उन कपल में से एक हैं, जिन्हें बॉलिवुड के फैन्स काफी पसंद करते हैं। एक-दूसरे के प्रति अपना लवी-डवी अंदाज़ हमेशा दिखाने वाले ये सितारे सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे के लिए अपना प्यार जताने में कोई कसर नहीं छोड़ते। इस बार भी कुछ ऐसी ही वजहों से चर्चा में हैं दीपिका और रणवीर।

हाल ही में रणवीर ने अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की, जिसमें वह काफी सौम्य और किसी किताबी कीड़े की तरह नजर आ रहे हैं। चश्मे में रणवीर की यह तस्वीर काफी क्लासी नजर आ रही। जहां फैन्स रणवीर की इस तस्वीर को काफी पसंद कर रहे वहीं उनकी पत्नी दीपिका भी कॉमेंट करने से खुद को रोक न सकीं। दीपिका ने कुछ ऐसा कॉमेंट किया, जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

दीपिका ने रणवीर की इस तस्वीर पर लिखा, कैंडी और इसी के साथ एक कैंडी की तस्वीर भी उन्होंने पोस्ट कर डाली। ऐसा लग रहा है कि दीपिका को भी रणवीर का यह लुक बेहद पसंद आ गया है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो रणवीर की झोली में कपिल देव की बायॉपिक फिल्म 83 और तख्त जैसी फिल्में हैं। वहीं दीपिका इन दिनों ऐसिड अटैक सर्वाइवर लक्ष्मी अग्रवाल की बायॉपिक फिल्म छपाक को लेकर चर्चा में छाई हैं। मेघना गुलज़ार की इस फिल्म के लिए दीपिका अपने फर्स्ट लुक से खूब सुर्खियों में छाई हैं।


# बुरी यादों के बारे में फिर से सोचना बहुत मुश्किल : सनी लियोनी

वेब सीरीज करनजीत कौर द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सनी लियोनी के अंतिम सीजन की तैयारी में जुटीं अभिनेत्री सनी लियोनी का कहना है कि वह जब भी अपनी भूली-बिसरी यादों में खो जाती हैं और अपनी जिंदगी के कुछ काले अध्यायों को याद करती हैं तब अक्सर उनकी आंखों में आंसू आ जाते हैं।

सनी ने बताया, अपनी जिंदगी के कुछ काले अध्यायों को फिर से याद करना मेरे लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था और मैं चाहती थी कि उसे एक बुरा सपना मानूं, जिसे जल्द ही भुला दूंगी।

जब मेरी मां का देहांत हुआ, उस वक्त मेरे पिता कैंसर से जूझ रहे थे और कुछ वक्त बाद उनका भी देहांत हो गया। मैंने शादी कर ली और मुझे एक भारतीय टीवी शो से आमंत्रण मिल गया..चीजें बहुत जल्दी से हो रही थीं।

भारतीय-कनाडाई अभिनेत्री ने कहा, कुछ हालात दुखदायक हैं, जिन्हें मैं फिर कभी याद नहीं करना चाहती। शूटिंग के दौरान मैं बुरी तरह से टूट गई थी। मुझे इस तरह रोते देख मेरे पति डेनियल वेबर डर गए और असहाय महसूस करने लगे, क्योंकि वह मेरी जिंदगी के उन अध्यायों को ठीक नहीं कर सकते थे। अपने परिजनों को खोना भयावह था। उनकी वेब सीरीज करनजीत कौर द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सनी लियोनी शुक्रवार से जी5 ओटीटी मंच पर स्ट्रीम होगी। सनी ने बिग बॉस जैसे टीवी शो और जिस्म 2, एक पहेली लीला, रईस और वन नाइट स्टैंड जैसी फिल्मों में काम किया है।




# तख्त के बाद एक और फिल्म में नजर आएगी रणवीर-आलिया की जोड़ी?

कुछ समय पहले फिल्ममेकर करण जौहर ने अपनी आने वाली फिल्म तख्त की स्टारकास्ट की घोषणा की थी। जब यह बात सामने आई कि फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट नजर आएंगे तो दोनों के फैंस यह जानकर काफी एक्साइटेड हुए थे। हालांकि, रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों फिल्म में एक-दूसरे के ऑपोजिट नहीं होंगे लेकिन उनके फैंस के लिए अब भी एक गुड न्यूज है। खबर है कि रणवीर-आलिया को एकसाथ एक नए प्रॉजेक्ट में लीड रोल्स में कास्ट किया जा सकता है। फिलहाल, इसके अलावा इस फिल्म से जुड़ी और कोई डीटेल सामने नहीं आई है। इस बारे में बात करते हुए ऐक्टर के करीबी एक सूत्र ने बताया, दोनों ऐक्टर्स को फिल्म के लिए लॉक किया गया है लेकिन इसके अलावा अभी फिल्म के बारे में कोई जानकारी नहीं है। सूत्र ने आगे बताया, फिल्म को कोई बड़ा बैनर प्रड्यूस करेगा। बता दें, रणवीर और आलिया की सिजलिंग केमिस्ट्री गली बॉय में देखने को मिली थी जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था।

# इरफान खान की अंग्रेजी मीडियम में होंगी करीना: राधिका मदान

पहले ऐसी चर्चा थी कि अंग्रेजी मीडियम फिल्म में इरफान के ऑपोजिट करीना कपूर को कास्ट किया जा सकता है। हालांकि करीना और फिल्म की टीम दोनों ने ही इस बात को कन्फर्म नहीं किया था। पिछली फिल्म में इरफान के ऑपोजिट फीमेल लीड रोल पाकिस्तानी ऐक्ट्रेस सबा कमर ने निभाया था। फिल्म में उनके काम को काफी पसंद किया गया था।



अब इन अटकलों पर राधिका मदान ने रोक लगा दी है। उन्होंने कन्फर्म किया है कि करीना कपूर को फिल्म में कास्ट किया गया है। राधिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म के शूटिंग के क्लैपबोर्ड को शेयर करते हुए लिखा, इस फिल्म के लिए एक्साइटेड हूं। इस नए सफर के लिए बहुत बहुत आभार इरफान खान, करीना कपूर खान और दिनेश विजान। अब फिल्म की इस कास्ट को देखना बहुत दिलचस्प होगा क्योंकि इरफान खान के साथ सिल्वर स्क्रीन पर करीना कपूर पहली बार दिखाई देंगी। अभी इस फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग राजस्थान में चल रही है। बताया जा रहा है कि फिल्म में राधिका मदान इरफान खान की बेटी के रूप में दिखाई देंगी। इसके बाद फिल्म की टीम शूटिंग के लिए लंदन जाएगी। पिछली फिल्म की तरह इस फिल्म में भी दीपक डोबरियाल का महत्वपूर्ण रोल होगा।

# बाला में फिर दिखेगी आयुष्मान और भूमि की जोड़ी

दम लगा के हईशा और शुभ मंगल सावधान जैसी शानदार और सफल फिल्मों में साथ काम कर चुकी अभिनेत्री भूमि पेडनेकर और आयुष्मान खुराना की जोड़ी एक बार फिर से साथ आ रही है। आयुष्मान और भूमि को फिल्म बाला में फाइनल कर लिया गया है। इस फिल्म का निर्देशन स्त्री जैसी हिट फिल्म बनाने वाले निर्देशक अमर कौशिक करेंगे।



फिल्म बाला में आयुष्मान खुराना एकदम नए-नवेले लुक में नजर आएंगे। आयुष्मान का ऐसा लुक आपने पहले कभी भी नहीं दिखाई दिया है क्योंकि बाला में आयुष्मान, एक गंजे व्यक्ति के रूप में नजर आएंगे। भूमि और आयुष्मान की एक साथ यह तीसरी फिल्म होगी। भूमि और आयुष्मान एक बार फिर से रोमांस करते नजर आएंगे। इस फिल्म में आयुष्मान कम उम्र में गंजेपन की गंभीर परेशानी से जूझते नजर आएंगे। भूमि कहती हैं, मुझे लगता है कि मेरी, आयुष्मान और अमर की संवेदनशीलता एक जैसी है। इसलिए मुझे विश्वास है कि जो भी फिल्म बनेगी वह मुझे बहुत पसंद आएगी। अमर को अपने काम के बारे में पता है। वह एक कैरक्टर बनाने में बहुत मेहनत करते हैं। मैं शूटिंग शुरू होने का इंतजार कर रही हूं। अमर ने इसके पहले राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म स्त्री का निर्देशन किया था। स्त्री की तारीफ करते हुए भूमि ने कहा, मुझे स्त्री बहुत पसंद आई थी, वह बहुत कूल और फनी फिल्म थी। फिल्म को बहुत अच्छे से लिखा और निर्देशित किया गया था। अमर फिल्म को नए स्तर पर ले गए थे। भूमि आगे कहती हैं, जब मुझे फिल्म बाला के लिए अप्रोच किया गया तो मैं बहुत उत्साहित थी कि मुझे अमर के साथ काम करने का मौका मिलेगा। दिनेश विजन बहुत अच्छे निर्माता हैं। स्त्री की ड्रीम टीम फिर से एक फिल्म बना रही है, जिसे करने के लिए मैं बहुत रामांचित हूं।